समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# तेल की कीमतों मे गिरावट — ट्रम्प के वेनेज़ुएला तेल सौदे के बाद बाजार मे हंलचल

Publisher

Published on 07 Jan 2026



वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में आज गिरावट दर्ज की गई है, जब **अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप** ने घोषणा की कि **वेनेज़ुएला की अंतरिम सरकार अमेरिका को 30 से 50 मिलियन बैरल तेल भेजेगी।** ट्रंप के बयान के बाद तेल के भाव में गिरावट से वैश्विक बाजार में तनाव का माहौल है।

**तेल की कीमतों पर असर :**

• यूएस वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (WTI) क्रूड तेल की कीमत लगभग **1.37% गिरकर $56.35 प्रति बैरल** रही।
• अंतरराष्ट्रीय मानक **ब्रेटं क्रूड** भी करीब **1% गिरकर $60.09 प्रति बैरल** पर कारोबार कर रहा है।

विश्लेषकों का मानना है कि जब काफी मात्रा में तेल **वैश्विक बाजार मे अंतिरिक्त आपूर्ति** के तौर पर आ सकता है, तो इससे **आपूर्ति अधिक हो जाएगी** और कीमतों पर दबाव पड़ेगा।

**क्या है सौदा ?**

ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वेनेज़ुएला की अंतरिम सरकार "उच्च गुणवत्ता वाले प्रतिबंधित तेल" को **बाजार भाव पर अमेरिका को सौंपेगी**, और इसके राजस्व का उपयोग दोनों देशों के लोगों के लाभ के लिए किया जाएगा। उन्होंने ऊर्जा सचिव को योजना को तुरंत लागू करने के निर्देश दिए हैं।

**वैश्विक प्रभाव :**

• यह कदम उस समय आया है जब अमेरिका ने वेनेज़ुएला पर अपना प्रभाव बढ़ाया है और **निकोलáस मादुरो के सत्ता से हटाए जाने के बाद** तेल आपूर्ति की स्थिति बदली है।
• विशेषज्ञों का कहना है कि यदि यह तेल भारत और चीन जैसी प्रमुख आयातकों के लिए उपलब्ध रहे, तो आपूर्ति और दबाव बाजार पर और बढ़ सकता है।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.